राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

राजेश कुमार, बि०प्र०से०
उप सचिव-सह-
प्रभारी, मानव संसाधन

आदेश सं०: SHSB/GA/HR/1685/2016(Part-A)/......... पटना, दिनांक:...../07/2021

-:आदेश:-

विज्ञापन संख्या 03/2021 के आलोक में आदेश संख्या 1509 दिनांक 28.06.2021 द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के तहत **Medical Officer-Part Time** के संविदागत पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियोजित करते हुए चिन्हित जिलों में पदस्थापित किया गया। उक्त चयनित अभ्यर्थियों के योगदान करने की अंतिम तिथि 10.07.2021 एवं योगदानोपरान्त सभी अभ्यर्थियों का एकरारनामा करने की तिथि 17.07.2021 निर्धारित की गयी। उक्त क्रम में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा योगदान करने की समय-सीमा को विस्तार करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अत: कार्यहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की आवश्यकता के मद्देनजर जिन अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नही दिया गया है उन सभी अभ्यर्थियों को **दिनांक 10.08.2021** तक योगदान करने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

उपर्युक्त पर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/-
(राजेश कुमार)

*ज्ञापांक: SHSB/GA/HR/1685/2016(Part-A)/*2259 *पटना, दिनांक:* 26*/07/2021*

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपि: अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: प्रशासी पदाधिकारी/अपर निदेशक (वित्त)/राज्य कार्यक्रम प्रबंधक/राज्य शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक (NUHM), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी नवचयनित Medical Officer-Part Time को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सिस्टम एनालिस्ट-सह-डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Rajesh 26/7/21
उप सचिव-सह-
प्रभारी, मानव संसाधन